विश्व शेयर सूचकांक

भारत	चीन	जापान	सिंगापुर	इटली	फ्रांस
36,554	3,223	23,088	10,862	5,884	4,802
(-1114.82)	(-56.53)	(-258.67)	(+56.50)	(-15.46)	(+0.06)

सोना एमसीएक्स स्टैंडर्ड (24 कैरेट)	सोना (मिनी)	चांदी एमसीएक्स चांदी (999)	चांदी मिनी	डॉलर	क्रूड ऑयल
₹49,455 ↓	₹49,445 ↓	₹57,075 ↓	₹56,875 ↓	₹73.89 ↑	₹2959 ↑
(प्रति 10 ग्राम) (-53)	(प्रति 10 ग्राम) (-48)	(प्रति किग्रा) (-1413)	(प्रति किग्रा) (-1390)	(प्रति 1 डॉलर)	(प्रति बैरल)

बैगेज की लिमिट तय करेंगी एयरलाइंस

नई दिल्ली. सरकार ने एयरलाइंस कंपनियों को बैगेज लिमिट खुद तय करने की छूट दे दी है। कम सामान ले जाने की समस्या से जूझ रहे हवाई यात्रियों को सरकार के इस कदम के बाद एयरलाइन कंपनियां जल्द ज्यादा सामान ले जाने की अनुमति दे सकती हैं। इससे एयरलाइंस को ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को लुभाने और राजस्व बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

एसएंडपी का अनुमान : खस्ता हालत के लिए कोरोना को बताया जिम्मेदार

बैंकों के हालात सुधरने में लगेंगे 3 साल

मुंबई. भारतीय बैंकिंग सिस्टम पर रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने शुक्रवार को एक अनुमान जारी किया है। रेटिंग एजेंसी का कहना है कि कोरोना महामारी के कारण बिगड़े भारतीय बैंकों का हाल सुधरने में कम से कम 3 साल या उससे भी अधिक वक्त लग सकता है। एजेंसी ने कहा है कि रिकवरी के मामले में भारत अन्य देशों के मुकाबले सबसे नीचे रहेगा। एजेंसी ने भारतीय बैंकों और नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन (एनबीएफआइ) के लिए नेगेटिव रेटिंग दी है।

एजेंसी ने भारतीय बैंकों को चेताया

रेटिंग एजेंसी ने बैंकों के बढ़ते एनपीए से निपटने के लिए ठोस कदम उठाने के भी दिए निर्देश



2020 के पहले ही रिकवर हो जाएगा दुनिया का बैंकिंग सिस्टम

20 सबसे बड़े बैंकिंग सिस्टम का ग्लोबल लेवल पर किया विश्लेषण

8.42 लाख करोड़ हो गया है 30 जून तक भारतीय बैंकों का एनपीए

2023 तक ही होगी रिकवरी संभव

रिकवरी में 2023 या उससे अधिक वक्त लगेगा। इसमें भारत सहित अमरीका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, इटली, जापान, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, इंडोनेशिया और रूस शामिल हैं। वहीं चीन, कनाडा, सिंगापुर, हांगकांग, साउथ कोरिया और सऊदी अरब जैसे देशों का बैंकिंग सिस्टम 2020 के पहले ही रिकवर हो जाएगा। **बैंकिंग सिस्टम की समीक्षा:** एजेंसी ने रिकवरी का अनुमान लगाने के लिए ग्लोबल लेवल पर 20 सबसे बड़े बैंकिंग सिस्टम का विश्लेषण किया है। इसके लिए बैंकों के अधिकार क्षेत्रों को तीन ग्रुप प्रारंभिक एक्सटीरियर, मिड एक्सटर और लेट-एक्सटर में डिवाइड किया गया है।

सेंसेक्स और निफ्टी में उछाल, रुपए में भी 28 पैसे की बढ़त

नई दिल्ली. एशियाई बाजारों के सकारात्मक रुख तथा वॉल स्ट्रीट में लाभ के बाद शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार में बढ़त लौटी। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 2.28 फीसदी की बढ़त के साथ 835.06 अंक ऊपर 37388.66 के स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 2.26 फीसदी (244.70 अंक) की तेजी के साथ 11050.25 पर बंद हुआ। रुपया 28 पैसे की बढ़त के साथ 73.61 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

नंबर के लिए तौलिया टांगा



राजगढ़ में शुक्रवार को सैकड़ों किसान बीमा की राशि निकालने बैंक पहुंचे। सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने के लिए उन्होंने अपनी साफी और तौलिए बैंक के सामने लगे बैरिकेड पर टांग दिए और खुद दूसरी जगह जाकर बैठ गए।

20% तक महंगा हुआ क्राफ्ट पेपर, बॉक्स इंडस्ट्री की मुसीबत

सूरत. कोरोना के साल में देश की क्राफ्ट पेपर मिलों में कच्चे माल के लगातार बढ़ते भाव, चीन से आयात पर रोक और अन्य खर्चों से कोरोगेटेड बॉक्स इंडस्ट्री की मुश्किलें बढ़ गई हैं। हाल में कोरोगेटेड बॉक्स इंडस्ट्री में उत्पादन लागत 20 फीसदी तक बढ़ गई है। इससे अकेले सूरत कपड़ा उद्योग में 80-100 करोड़ का बोझ बढ़ेगा। देशभर में कोरोगेटेड ऑटोमैटिक यूनिट 350 व 10 हजार सेमीऑटोमैटिक यूनिट हैं, जहां छह लाख लोग रोजगार पा रहे हैं। सालाना उत्पादन 60 लाख टन तथा 24 हजार करोड़ का कारोबार है। कोरोगेटेड बॉक्स की हर उत्पादन में जबरदस्त डिमांड है। लॉकडाउन के दौरान यूरोप, यूएसए में वेस्ट पेपर का उत्पादन बंद रहा और पेट्रो वेस्ट से क्राफ्ट पेपर बनने के चलते खाड़ी देशों से कच्चा माल चीनी कंपनियों ने पहले ही जमा कर लिया। अब चीन से आयात पर रोक लगी हुई है।

दो दिन बाद फिर सस्ता हुआ डीजल

नई दिल्ली. डीजल के दाम में दो दिनों की स्थिरता के बाद शुक्रवार को कटौती से उपभोक्ताओं को राहत मिली है, जबकि पेट्रोल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। डीजल दिल्ली और कोलकाता में 18 पैसे, मुंबई में 20 पैसे जबकि चेन्नई में 17 पैसे प्रति लीटर सस्ता हो गया है। चारों महानगरों में डीजल का भाव क्रमश: 71.10, 74.62, 77.53 और 76.55 रुपए प्रति लीटर रहा।

वोडाफोन ने सिंगापुर में जीता अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता केस

नई दिल्ली. टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन ने 20,000 करोड़ के टैक्स विवाद मामले में भारत सरकार को हराकर अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता का केस जीत लिया है। कंपनी ने कहा कि उसे सिंगापुर के एक इंटरनेशनल कोर्ट में 12,000 करोड़ बकाए और 7,900 करोड़ जुर्माने वाले एक अहम केस में भारत सरकार के खिलाफ जीत मिली है। 2016 में वोडाफोन ने सिंगापुर के अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता अधिकरण के पास याचिका दाखिल की थी।

स्पोर्ट्स

विस्तृत खबर के लिए पढ़ें... राजस्थान पत्रिका

Quick

विराट पर 12 लाख रुपए का जुर्माना

दुबई. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरु के कप्तान विराट कोहली के लिए किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ आइपीएल मुकाबले में कुछ भी अच्छा नहीं रहा। विराट की टीम को इस मुकाबले में करारी हार का सामना करना पड़ा और उन पर टीम के धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया।

आइओसी अध्यक्ष को शांति पुरस्कार

लुसाने. अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाक को पेयोंगचांग विंटर ओलंपिक-2018 के दौरान शांति को बढ़ावा देने के लिए सियोल पीस प्राइज से नवाजा जाएगा। एक बयान में सियोल पीस प्राइज फाउंडेशन ने इसकी जानकारी दी है।

दिल्ली कैपिटल्स के अनोखे प्रशंसक

क्रिकेट के प्रशंसक तो आपने बहुत तरह के देखे होंगे लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के प्रशंसक कुछ हटकर हैं। दिल्ली टीम ने अपने ट्विटर अकाउंट पर कुछ डॉगी की फोटो शेयर की हैं जिनमें ये टीम की टीशर्ट व कार्ड के साथ नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर इन्हें खूब पसंद किया जा रहा है।

आइपीएल-13 : मैच शाम 7.30 बजे से

पहली जीत के लिए भिड़ेंगे कोलकाता-हैदराबाद

अबु धाबी. आइपीएल 13 के अपने पहले मुकाबले में मिली हार को भुलाकर दिनेश कार्तिक की कप्तानी वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और डेविड वॉर्नर के नेतृत्व वाली सनराइजर्स हैदराबाद शनिवार को होने वाले मैच में टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेंगी। हैदराबाद को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरु के खिलाफ अपने पहले मुकाबले में 10 रन से हार का सामना करना पड़ा था जबकि केकेआर की टीम गत चैंपियन मुंबई इंडियंस के सामने कोई चुनौती पेश नहीं कर सकी थी। 164 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हैदराबाद की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और कप्तान वॉर्नर दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से रन आउट हो गए थे। उनके आउट होने के बाद विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो (61) और मनीष पांडे (34) ने ही कुछ अच्छी बल्लेबाजी की। इस मुकाबले में हैदराबाद का मध्यक्रम उसकी सबसे कमजोर कड़ी साबित हुआ। विजय शंकर, अभिषेक शर्मा, प्रियम गर्ग, राशिद खान सब सस्ते में आउट हुए। हैदराबाद ने 32 रन जोड़कर अपने आखिरी आठ विकेट गंवा दिए थे और यही उसकी हार का कारण था। वार्नर को अपने मध्य क्रम को संभालना होगा। हैदराबाद के मध्यक्रम और निचले क्रम के बल्लेबाज पूरी तरह फ्लॉप रहे थे।

नेट प्रैक्टिस में हैदराबाद के कोच वीवीएस लक्ष्मण।

आमने-सामने

कुल मैच - 24
हैदराबाद जीता - 10
कोलकाता जीता - 13
बेनतीजा - 01

02 बार खिताब जीत चुकी है कोलकाता की टीम, 2012 व 2014 में

02 बार विजेता रही है हैदराबाद की टीम, 2009 और 2016 में

कोलकाता के पास है मजबूत गेंदबाजी

कोलकाता के पास पैट कमिंस, संदीप वारियर जैसे बेहतर तेज गेंदबाज हैं जबकि कुलदीप यादव व सुनील नरेन जैसे स्पिनर की जोड़ी है जो किसी भी बल्लेबाजी आक्रमण को ध्वस्त कर सकती है। इयोन मोर्गन, शुभमन गिल, कार्तिक, नीतीश राणा जैसे बेहतरीन बल्लेबाज हैं और दिग्गज ऑलराउंडर में शुमार आंद्रे रसेल हैं जो अंत के ओवरों में मैच पलट सकते हैं।

एक्सपर्ट व्यू

नागरकोटी को लेना एक बेहतरीन कदम होगा

सुनील माथुर, पूर्व रणजी खिलाड़ी और रणजी ट्रॉफी चयनकर्ता -राजस्थान

सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइटराइडर्स दोनों ही टीमों के लिए यह एक अहम मैच है क्योंकि दोनों ही 1-1 मैच हार चुकी हैं। कोलकाता अबु धाबी में मुंबई के खिलाफ खेलकर पिच का अंदाजा लगा चुकी है, ये अनुभव उनके काम आएगा। दूसरी तरफ हैदराबाद का प्लस पॉइंट रहेंगे केन विलियमसन जो कि अब टीम से जुड़ चुके हैं। पहले ही मैच में मिशेल मार्श का चोटिल होना और कप्तान डेविड वॉर्नर का रनआउट होना, टीम की हार का बड़ा कारण रहा। गेंदबाजी में भुवनेश्वर के अलावा किसी तेज गेंदबाज में धार नजर नहीं आई। बेंच पर बैठे खलील अहमद को इस मैच में मौका दिया जाना चाहिए क्योंकि वे पहले भी हैदराबाद के लिए अच्छी गेंदबाजी का प्रदर्शन कर चुके हैं। कोलकाता के लिए ओपनिंग बैट्समैन नहीं होना, हार का एक बड़ा कारण रहा, जिसका ध्यान उन्हें आज के मैच में रखना होगा। इयोन मोर्गन और आंद्रे रसेल, जो कि मिडिल ऑर्डर के स्तम्भ माने जाते हैं उन्हें टीम की आकांक्षाओं पर खरा उतरना होगा। रसेल का फिटनेस इश्यू साफ नजर आया। गेंदबाजी की बात की जाए, तो वनडे के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज पैट कमिंस अपनी क्षमता के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाए, आज के मैच में उन्हें अपनी धार दिखानी होगी। बेंच पर बैठे नागरकोटी को टीम में लेना बेहतरीन कदम हो सकता है। 145 की स्पीड से बॉल डालने वाले नागरकोटी अच्छे ऑलराउंडर साबित हो सकते हैं। कोलकाता के सुनील नरेन और हैदराबाद के जॉनी बेयरस्टो जबरदस्त फॉर्म में हैं अपनी-अपनी टीमों के ट्रंप कार्ड हो सकते हैं।

गावस्कर पर भड़कीं अनुष्का, कहा-आपकी टिप्पणी अप्रिय

मुंबई. महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने आइपीएल मैच के दौरान बेंगलूरु के कप्तान विराट कोहली के प्रदर्शन को लेकर विवादित टिप्पणी की थी जिस पर विराट की पत्नी व अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने गावस्कर को आड़े हाथों लिया है। बेंगलूरु को पंजाब के खिलाफ मैच में 97 रनों से हार मिली थी। कोहली सिर्फ एक रन बना सके थे और उन्होंने शतक लगाने वाले राहुल के दो कैच छोड़े थे। गावस्कर की टिप्पणी के जवाब में अनुष्का ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मिस्टर गावस्कर, आपका मैसेज अप्रिय है लेकिन मैं समझना चाहती हूं कि आपने क्यों एक पति के खेल के लिए उसकी पत्नी पर आरोप लगाए और ऐसी टिप्पणी क्यों की? मैं जानती हूं कि आपने कमेंट्री करते हुए इतने वर्षों तक हर किसी क्रिकेटर की निजी जिंदगी पर टिप्पणी नहीं की है और इसका सम्मान किया है। क्या आपको नहीं लगता कि मेरे और हमारे लिए भी आपके दिल में उसी तरह का सम्मान होना चाहिए?' उन्होंने लिखा, 'मुझे पता है कि मेरे पति के प्रदर्शन पर टिप्पणी करने के लिए आपके पास कई और शब्द तथा वाक्य हैं या फिर आपके शब्द तभी महत्व रखेंगे जब आप मेरा नाम लेंगे।' अभिनेत्री ने आगे लिखा, 'यह 2020 है और मेरे लिए अभी तक चीजें खत्म नहीं हुई हैं।